Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding need to conduct test for recruitment in Army in Jhunjhunu district, Rajasthan-laid.

श्री नरेन्द्र कुमार (झुन्झुनू): जिला झुन्झुनू (राजस्थान) सैनिक बाहुल्य क्षेत्र है । जिले ने देश को सबसे ज्यादा सैनिक दिए है । जिले में सेना भर्ती हुआ करती थी जिसमें जिले से बहुत से सैनिक देश को मिलतें थे । दो साल से अधिक का समय हो गया युवा निरतंर सेना भर्ती की तैयारी करते है । युवाओं को सेना भर्ती की प्रतीक्षा करते हुए तथा दो साल से कोरोना महामारी के कारण बहुत से युवा सेना में भर्ती हेतु निर्धारित उम्र से अधिक हो गये है जिससे बहुत से युवा सेना भर्ती से वंचित रह गये है । जिला झुन्झुनू (राजस्थान) में सेना भर्ती करवाई जाए तथा युवाओं को सेना में दो साल की उम्र में छूट हो ।